राजस्थान पत्रिका
जयपुर . शुक्रवार
04 06.01.2012

राजस्थान पत्रिका

थड़ी-ठेले वालों का निगम के बाहर पांच घंटे हंगामा

चौथ वसूली का आरोप

जयपुर. प्रवासी भारतीय सम्मेलन के नाम पर हटाए गए थड़ी-ठेला व्यवसायियों ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पर पांच घंटे तक जमकर हंगामा मचाया। अधिकारियों पर चौथ वसूली का आरोप लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर धरना दिया। शाम करीब चार बजे मुख्य कार्यकारी अधिकारी से समझौता होने के बाद प्रदर्शनकारी हटे।

हैरिटेज थड़ी ठेला यूनियन और सेंटर फॉर सिविल सोसायटी के बैनर तले 150-200 थड़ी ठेला व्यवसायी नारेबाजी करते हुए निगम मुख्यालय पहुंचे। पुलिस ने उन्हें प्रवेश द्वार पर ही रोक लिया। इस पर वे वहीं धरने पर बैठ गए और निगम अधिकारियों व राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन के लिए उन्हें उजाड़ा जा रहा है। निगम वेंडर पॉलिसी लागू करने की बजाय जब चाहे उन्हें बेदखल कर देता है। निगम के अधिकारी उनसे चौथ वसूली करते हैं। पांच घंटे तक हंगामे के बाद प्रदर्शनकारियों की सीईओ लोकनाथ सोनी से वार्ता हुई, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया।

नगर निगम के मुख्य द्वार पर धरना देकर प्रदर्शन करते थड़ी-ठेला व्यापारी।